## सड़कों पर भटकता गोवंश, दूधदोहन कर आवारा छोड़ देते हैं पशु मालिक



**गोटेगांव, देशबन्धु।** गौ माता की सुरक्षा के लिए शासन द्वारा ग्राम पंचायतों में गौशालाएं खोली गई है वहीं गौ सेवा योजना के तहत ग्राम पंचायतों को चिन्हित कर गौशालयों का निर्माण कराया गया है अब यह गौशालाएं गोवंशों को निहार रही है।कई गौशालाएं खाली पड़ी हुई है और सड़कों पर गोवंश अपना डेरा जमाए हुए हैं ऐसा मामला ग्राम पंचायत में बनी हुई गौशाला में देखने मिल रहा है, जहां पर गौ माता की उचित देखरेख नहीं की जाती क्या यह गौशालाएं गोवंश को सुरक्षित आश्रय देने के लिए बनाई गई थी या अपनी जेब में काली कमाई भरने बनाई गई है। इन गौशालाओं के निर्माण में शासन की भारी-भरकम राशि खर्च की गई परंतु गौशालाएं जिम्मेदार अधिकारियों की अनदेखी की चलते लापरवाही की भेंट चढ़ा रही है। बीते दिवस मुख्यमंत्री ने घोषणा की है कि बूढ़ी गायों को गौ शाला में रखा जाकर उनका उपचार किया जाएगा।अब देखना है कि मुख्यमंत्री के आदेश का कहां तक पालन होता है।

**सड़क दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे गोवंश-** गो वंश को रहने का सुरक्षित ठिकाना नहीं है वह सड़कों को ही अपना आशियाना समझ बैठे हैं लेकिन इन गोवंशों को यह मालूम नहीं कि यह कब काल के गाल में समा जाएं और कब कोई वाहन इनको टक्कर मार कर चला जाए। सैकड़ो गोवंश सड़कों पर नजर आते हैं। और दुर्घटना में इन गोवंश की मौत भी हो जाती है, और इन गोवंशों के कारण ना जाने कितने लोगों ने सड़क दुर्घटनाओं में अपनी जान गवा दी आखिर इस सबका जिम्मेदार कौन है

**गौशाला के संचालन में चल रहा है खेल-** इन गौशालाओं को लाखों का अनुदान एवं करोड़ रुपए की जमीन आवंटित है आपको बता दें कि पशु संवर्धन बोर्ड मध्यप्रदेश भोपाल के द्वारा गौशाला संचालन के लिए गोवंश अनुदान राशि को 20 रुपये से बढ़ाकर अब प्रति गोवंश पर प्रतिदिन 40 रुपए के हिसाब से राशि दी जाती है, फिर भी नगर हो या ग्रामीण क्षेत्र अक्सर वहां के चौक चौराहों पर गोवंश को आसानी से देखा जा सकता है।

**प्रशासन आखिर मोन क्यों-** गोवंश अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहे हैं ऐसा कोई भी नहीं जिसने गऊ माता का दूध पिया ना पिया हो फिर भी जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी से लेकर आम नागरिक तक मोन है वही गौ माता की जय हो गौ हत्या बंद कहने वाले मौन व्रत धारण किए हुए इसका क्या कारण हो सकता है,

**मोहन के राज में गोवंशों की हालत खराब-** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के राज में गोवंश को न्याय नहीं मिल पा रहा है यह गोवंश अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहे हैं और मोहन से न्याय मांग रहे हैं एक मोहन द्वापर युग में थे जो गोवंश की सेवा करते थे और उनकी एक बांसुरी की धुन से सारे गोवंश चले आते थे एक मोहन मध्यप्रदेश में है जो गोवंशों के लिए लगातार प्रयास तो कर रहे हैं लेकिन वह प्रयास जमीन पर नजर नहीं आ रहा है अब देखना होगा कि इन गौवंश को आखिर में कब न्याय मिलेगा

**पशु मालिक छोड़ देते हैं गोवंश को आवारा-** वहीं देखने में आता है ज्यादातर पशु मालक जब तक गाय दूध देती है तब तक उसको अच्छे से चार भूसा खिलाते हैं और जैसे ही गोवंश बुजुर्ग हो जाती है उसको घर से निकाल कर आवारा छोड़ दिया जाता है जिससे वह असमय ही दुर्घटना का शिकार होती है और आवागमन करने वाले टू व्हीलर फोर व्हीलर वाहन चालक भी इन पशुओं से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। जबकि जिला कलेक्टर एवं स्थानीय अधिकारियों द्वारा गोवंश को आवारा छोड़ने पर कार्यवाही एवं जुर्माना करने की बात कही गई है लेकिन फिर भी समस्या जस की तस बनी हुई है।

## हत्या की आशंका पर कब्र से 15 दिन बाद शव निकाल कर कराया गया पोस्टमार्टम

**छपारा, देशबन्धु।** स्थानीय थाना क्षेत्र के पीपरढ़ाना गांव के रहने वाले लालचंद अरेवा उम्र 55 साल की 15 अक्टूबर को मृत्यु हो गई थी, इसके बाद उसके परिजनों ने अंतिम संस्कार कर दिया था। बताया जाता है कि शनिवार को इस घटना पर नया मोड़ सामने आया है, मृतक की बेटी रोशनी उईके ने इस मामले पर शनिवार को हत्या की आशंका व्यक्त करते हुए छ्पारा थाना में एक शिकायत की और मृतक पिता की शव को कब्र से निकालकर पोस्टमार्टम कराए जाने की मांग की, जिस पर रविवार को छपारा थाना प्रभारी ने तहसीलदार की मौजूदगी में पीपरढ़ाना थाना गांव पहुंचकर मृतक व्यक्ति का शव कब्र से निकलवा कर पोस्टमार्टम कराया है और इस मामले पर मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल थाना प्रभारी का कहना है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल पाएगा किस वजह से मृत्यु हुई है 3 नवंबर को पीपरढ़ाना ग्राम पंचायत सविता बाई राधेलाल उईके सरपंच संघ के अध्यक्ष अवध लाल मरकाम जनपद पंचायत छपारा अध्यक्ष सदम सिंह बरकड़े सहित ग्राम के गणमान्य नागरिक लगभग दो दर्जन लोगों और संदेही छपारा थाना पहुंच कर अपना बयान दर्ज कराया, थाना पहुंचे सभी ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों ने सामान्य मृत्यु होना बताया फिलहाल स्थानीय क्षेत्र के लोगों की माने तो यह सामान्य मृत्यु की घटना बताई जा रही है। फिलहाल मृतक की बेटी के शंका पर पोस्ट कराया गया, जिसकी रिपोर्ट आने बाद ही मृतक की हत्या से पर्दा उठ पाएगा वास्तविक में यह समान मृत्यु है क्या हत्या।

### सार-समाचार

## तापमान में उतार-चढ़ाव से सर्दी, खांसी, बुखार के मरीज बढ़े

**सिवनी, देशबन्धु।** सिवनी जिले में मौसम में उतार-चढ़ाव जारी है। इससे लोगों की सेहत पर विपरीत असर पड़ रहा है। अस्पतालों में बीमारों की संख्या बढ़ रही है। पिछले सप्ताह हुई बारिश से तापमान में गिरावट आने से लोगों को हलकी ठंड का एहसास हो रहा था।

## एमपी ऑनलाइन की दुकान में लगी आग

**सिवनी, देशबन्धु।** सिवनी की धनोरा में स्टेट बैंक के समीप दोपहर में एमपी ऑनलाइन की दुकान में आग लग गई। घटना के कारणों का पता नहीं चल सका है। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया।

## आग लगने से चार लाख रुपए का कपड़ा और ऑटोपार्ट्स जलकर खाक

**सिवनी, देशबन्धु।** जिले के लखनवाड़ा थाना अंतर्गत जाम ग्राम में अज्ञात कारणों से एक कपड़े की दुकान और ऑटोपार्ट्स की दुकान में आग लग गई। इससे करीब 4 लाख रुपए का समान जलकर खाक हो गया।आतिशबाजी से आगजनी की आशंका

## सिवनी में अनियंत्रित होकर बाइक फिसली, दो घायल

**सिवनी, देशबन्धु।** सिवनी जिले के आदिवासी बाहुल्य विकासखंड धनोरा के अंतर्गत आने वाले पिपरिया नाई के पास रविवार दोपहर एक सड़क हादसा हो गया। अनियंत्रित होकर बाइक फिसलने से दो लोग घायल हो गए।, धनोरा पुलिस कर रही जांच।

## प्रकाश पर्व पर मां नर्मदा का दिव्य श्रृंगार, छप्पन भोग का आयोजन



**गोटेगांव, देशबन्धु।** मां नर्मदा मंदिर में श्री गोवर्धन पूजा एवं मां नर्मदा माई का श्रृंगार एवं छप्पन भोग का आयोजन किया गया। गोटेगांव के पटेल वार्ड में स्थित सुप्रसिद्ध मां नर्मदा मंदिर में मां रेवा माई का भव्य श्रृंगार एवं 56 भोग अर्पित कर पूजन अर्चन महा आरती की गई दीपावली के महापर्व पर नर्मदा मंदिर के पुजारी पंडित लखन लाल उत्पम जी द्वारा मैं का भव्य श्रृंगार किया गया एवं श्रद्धालुओं द्वारा 56 भोग अर्पित कर प्रसाद वितरण किया गया इस मौके पर नर्मदा मंदिर समिति के सभी सदस्य एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तगण उपस्थित रहे।

## चारों तरफ गोवर्धन पूजा की खुशी



**गोटेगांव, देशबन्धु।** पूरे देश एवं प्रदेश के साथ ही सभी सनातनियों के घरों पर विभिन्न मंदिरों में गोवर्धन पूजा के बड़े-बड़े आयोजन हुए उल्लेखनीय है कि प्रभु राम ,प्रभु श्री कृष्ण, ने जब-जब भी पृथ्वी पर अवतार लिया है हमेशा यह शिक्षा दी है कि घमंड किसी का नहीं रहता वह चूर-चूर ही होता है। भगवान श्री कृष्ण ने ब्रज वासियों की रक्षा हेतु कई किलोमीटर के गिरिराज गोवर्धन पर्वत को अपनी उंगली पर उठा लिया एवं 7 दिनों तक भीषण बारिश से सभी की रक्षा करते हुए इंद्र का अभिमान तोड़ा। तभी से भगवान को छप्पन भोग के साथ ही गोवर्धन पूजा का विधान है नगर के सभी प्रमुख मंदिरों में एवं घर-घर पर विधि विधान से गोवर्धन जी की पूजा हुई। नगर के ही अनूप सोनी, बी डी सोनी, अजय सोनी अमित सोनी नरेंद्र सोनी के परिवार में भगत अनेक वर्षो की तरह ही भगवान गिरिराज गोवर्धन जी की एवं राधा रानी के स्वरूप की अति सुंदर झांकी के साथ विधि विधान से पूजा अर्चना की गई एवं 56 भोग भी भगवान को अर्पित किए गए सभी ने भगवान की गोवर्धन पर्वत को साक्षी मानकर परिक्रमा भी की। इस अवसर पर भजन गीत संगीत से भी खुशी व्यक्त की गई इस अवसर पर परिवार के साथी उनके पड़ोसियों ने भी इस पुण्य अवसर मैं शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित किया।

## गौशाला में गौ पूजन का आयोजन



**करकबेल, देशबन्धु।** समीपी ग्राम बेलखेड़ी बोड़ गौ शाला प्रागंण में गोसंवर्धन पर्व केअवसर पर गोवर्धन पूजा एवं गौ पूजन का आयोजन किया गया जिसमे मुख्य अतिथि गोटेगाव विधायक महेन्द्र नागेश, विशिष्ट अतिथ म जालमसिंह पटेल पूर्व मंत्री विधायक नरसिंहपुर, निधान सिंह पटैल, एकम सिंह पटैल, सरपंच ममता हाकम सिंह पटैल, हाकम सिंह पटैल, रोहणी राजाराम पटैल, शिवम पटैल गौशाला संचालाक उपस्थित रहे।

इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थति विशिष्ट अतिथि श्री जालम सिंह पटेल ने अपने उद्बोधन में कहा गाय की महिमा बारे में बताया कि बेसहारा गाय , को छोड़ना । गाय मे तैतीस कोटी देवी देबताओ का वास होता है गाय को माता समान मानते है गौवंशीय अपनी गायों को बेसहारा हाल में छोड़ देते है। विकास तो बहुत आवश्यक है परंतु विनाश की शर्तों पर नहीं, वर्तमान खेती जीवनचर्या और पारस्थितिक तंत्र को प्रभावित कर रही है, जैविक खेती मानव अंधानुकरण ने पूर्णत: बंद कर दी है। जिसके दुष्परिणाम कैंसर जैसी भयावह बीमारी की स्तर दिन-दूना प्रगत होता जा रहा है। एवं श्री नागेश जी दुबारा गौ-पूजन के साथ आमजन को भी सम्मलित एवं प्रेरित किया उन्होंने कहां अपनी अपने जन्मोत्सव वर्षगाँठ प्रियजनों की पुण्य तिथि एवं गौ-संवर्धन हितार्थ सवामनी योजना अन्तर्गत गोवंश हेतु भूसा, आहार प्रबंध कर पुण्य के भागी बन सकते है कार्यक्रम में आकृष्ण का केन्द्र मनोबल स्व सहायता समूह इमलिया, मनोरथ गो शाला के राघवेंद्र रघुवंशी पंचगव्य उत्पाद, गो दीपक लक्ष्मी चरण प्रदर्शनी हेतु रखे गए जिससे स्वक्ष सुलभ धार्मिक दीपदान सम्भव हो सके।

कार्यक्रम के सुअवसर पर चंद्रप्रकाश मेहरा ने गो आरती एवं आसीष सोनी जी ने गो रक्षा संकल्प गीत का भावुक गायन किया उपस्थित नागरिक अतिथि गो रक्षा हेतु भावुक और संकल्पित हुए कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन पशुपालन एवं डेयरी विभाग की तरफ से असगर खान द्वारा किया गया । अनुभाग गोटेगांव स्तीर समिति के सहयोग से किया गया।

## गौशाला में हुई जिला स्तरीय गौवर्धन पूजन



**सिवनी, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की मंशानुरूप संपूर्ण प्रदेश के साथ ही जिलें की सभी गौशालाओ में गोवर्धन पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इसी परिपेक्ष्य में जिलास्तरीय गौवर्धन पूजन कार्यक्रम विकासखंड सिवनी के ग्राम कारीरात गौशाला में भाजपा जिला अध्यक्ष श्री आलोक दुबे एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सिवनी श्री नवजीवन विजय एवं अन्य अतिथियों के उपस्थिति में आयोजित सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में सभी के द्वारा गोवर्धन एवं गौ पूजन कर गौ माता को भोजन कराया गया। इस अवसर पर बाल कृष्ण के रूप से सजे बच्चों की उपस्थिति रही साथ ही पारंपरिक वेशभूषा में कलाकार द्वारा मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम में संबोधित कर अध्यक्ष श्री दुबे ने गौ वंश एवं गोवर्धन पूजा के महत्व को बताते हुए वृक्ष, पर्वत सहित अन्य प्राकृतिक संसाधनों एवं सांस्कृतिक धार्मिक परंपराओं को संजोए रखने की बात कही।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में रवींद्र भवन भोपाल में आयोजित राज्यस्तरीय गौवर्धन पूजा कार्यक्रम के लाइव प्रसारण को जनप्रतिनिधियों एवं उपस्थित जनों द्वारा देखा व सुना गया। कार्यक्रम के अंत में गौ वंश संरक्षण एवं संवर्धन को लेकर उत्कृष्ट कार्य करने वालों एवं कारीरात गौशाला संचालित करने वाली श्री स्वसहायता समूह को जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में कपिल पांडे सांसद प्रतिनिधि, परसराम सनोड़िया जनपद पंचायत सदस्य, श्री शिव सनोड़िया जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा, श्रीमती रेणु पदम सनोड़िया सरपंच ग्राम पंचायत, श्री अनिल बघेल उप सरपंच ग्राम पंचायत कारीरात, डॉ जेपी शिव उपसंचालक पशु पालन एवं डेयरी विभाग सिवनी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं विभागीय अधिकारी कर्मचारी की उपस्थित रहे।

## धूमधाम से मनाई दीपावली, रंगोली, रंग-बिरंगी रोशनी से सजे घर के आंगन



**रामाकोना, देशबन्धु।** दिपावली का त्यौहार सम्पूर्ण देश मे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया तो वही पैठण तुल्य श्री तीर्थ क्षेत्र संतो की नगरी राम वन गमन पथ मार्ग ग्राम रामाकोना मे भी धूम धाम से मनाया गया. घरो एवं प्रतिष्ठानो को रंग बिरंगी रोशनी से एवं आकर्षक रंगोली डालकर सजाया गया ग्राम में गुरुवार की शाम एवं शुक्रवार को शुभ मुहूर्त में माँ लक्ष्मी का पूजन कर दीपों की जगमघाट से घर आंगन रोशन हो गए.इसके बाद शुरू हुआ पटाखे जलाने व आतिशबाजी का दौर जो देर रात तक चलता रहा. ग्राम के साथ ही आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भी दिपो और झालर की रोशनी से और आंगन प्रतिष्ठान रोशन रहे जिसने माहौल को एक नई चमक दे दी। यदि बात की जाए पैठन तुल्य श्री तीर्थ क्षेत्र संतों की नगरी राम वन गमन पथ मार्ग ग्राम रामाकोना की तो यहाँ दीपावली का पर्व इसीलिए भी ख़ास हो जाता है की यह वह ग्राम है यहा से होते हुए मर्यादा पुरोषोत्तम भगवान श्री राम अनुज लक्ष्मण एवं माता सीता गयी थी।

**पटाखों की आवाज से गूँजती रही संतो की नगरी-** दीपावली के उल्लास में डूबे लोगों ने खूब पटाखे चलाएं देर रात तक पटाखे की तरह से आसमान घूमता रहा कई बच्चे अनार व फुलझड़ियां चला रहे थे तो कहीं रॉकेट छोड़े जा रहे थे हर तरफ त्यौहार की खुशियां छाई रही वही दूसरों की पूजा अर्चना की उपरांत लोग एक दूसरे को पर्व की शुभकामना देते रहे साथ मिलकर जश्न मनाते रहे। इसके साथ-साथ ग्राम के श्री छत्रपति शिवाजी महाराज चौक पर भी श्री शिवराय संगठन रामाकोना के सदस्यों द्वारा दीपावली की शुभकामना देते हुए आतिशबाजी की।

## गायत्री जिनिंग में कपास खरीदी का शुभारंभ



**सौसर, देशबन्धु।** नगर कें गायत्री जिनिंग मे कपास खरीदी का मुहूर्त क्षेत्र के पूर्व स्कूल शिक्षा राज्य मंत्री नानाभाऊ मोहोड़, जिला पंचायत सदस्य संदीप भाऊ मोहोड़, कें मुख्य आतिथ्य मे एवं जिनिंग के संचालक दिलीप बत्रा, नटवर टावरी सतीश माहेश्वरी, राहुल सिंह ठाकुर की प्रमुख उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

अतिथियों द्वारा किसानो का तिलक लगाकर सत्कार किया गया. किसान गंगाधर भोंगाड़े गांगतवाडा शुभमुहूर्त पर पहले कपास खरीदी 6921 रूपये प्रति क्विंटल से की गयी।

इस अवसर पर राहुल भरतवाल, जीतेन्द्र पारीक,सुनील जैस्वाल,राजीव जैस्वाल,राहुल जैस्वाल,देवेश जैस्वाल, ब्रजेश जैस्वाल, सुभाष यादव बनरसिं दास एंड संस कोलकाता उपस्थित थे।

**किसान भाव से नहीं है संतुष्ट-** रात दिन खेतो मे काम कर फसल पैदावार करने वाला किसान वर्तमान मे खुले कपास के भाव से संतुष्ट नहीं है चुंकि किसान को फसल का उचित दाम नहीं मिलने से हमेशा परेशान रहता है। किसान इस इंतजार मे है की कपास का भाव और बड़े लेकिन हर बार किसान की मंशा पर पानी फेरने लग जाता है।

## हाईवे पर गड्ढे के कारण गिरी बाइक, महिला की मौत

**सिवनी, देशबन्धु।** सिवनी जिले के छपारा थाना अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 44 बंजारी मंदिर के पास एक बाइक गड्ढे के कारण अनियंत्रित होकर गिर गई। हादसे में उस पर बैठी महिला की मौत हो गई, जबकि बाइक चला रहा महिला का बेटा और पीछे बैठी बेटी घायल हैं।

## दैनिक राशिफल

**सोमवार 04 अक्टूम्बर 2024 का पंचांग विक्रम संवत् 2081, शक संवत 1946 हिजरी 1445। कार्तिक शुक्ल पक्ष की तृतीया, नक्षत्र-अनुराधा।**

**मेष** – आर्थिक और व्यावसायिक रूप से आज का दिन लाभदायक है। आर्थिक लाभ मिलेगा। लंबे समय के लिए निवेश कर सकेंगे।

**वृषभ** – विचारों की विशालता और वाणी का जादू दूसरों को प्रभावित और मंत्रमुग्ध करेंगे। लोगों के साथ सौहार्द्रपूर्ण संबंध बने रहेंगे।

**मिथुन** – महत्वपूर्ण निर्णय लेने में आप दुविधा अनुभव करेंगे। माता और पत्नी के मामले में अधिक संवेदनशील बनेंगे। विचारों की भरमार से मानसिक थकान का अनुभव होगा। `क-

**कर्क** – काम की सफलता और नए काम के शुभारंभ के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। मित्रों तथा स्वजनों के साथ की मुलाकात से आप खुशहाल रहेंगे।

**सिंह** – दूर बसनेवाले स्नेहीजन तथा मित्रों के साथ के संदेश व्यवहार से आपको लाभ होगा। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। उत्तम भोजन की प्राप्ति होगी।

**कन्या** – वैचारिक समृद्धि और वाणी की मोहकता से आपको लाभ होगा और आप सौहार्द्रपूर्ण संबंध विकसित कर अपना काम निकाल सकेंगे। व्यवसाय की दृष्टि से आज का दिन लाभदायक साबित होगा।

**तुला** – अपनी वाणी और व्यवहार को संयम में रखें। अन्य व्यक्तियों या परिजनों के साथ उग्र बोलाचाली होने की आशंका है।

**वृश्चिक** – गृहस्थजीवन में आपको सुख और संतोष का अनुभव होगा। पत्नी तथा पुत्र से शुभ समाचार मिलेगा। मांगलिक काम होंगे। विवाह के संयोग बनेंगे।

**धनु** – आर्थिक और व्यापारिक आयोजन करने के लिए शुभ दिन है। कोई भी काम सफलतापूर्वक पूरा होगा। परोपकार की भावना आज बलवती रहेगी। आमोद-प्रमोद में आपका दिन गुजरेगा।

**मकर** – बौद्धिक कार्यों एवं व्यवसाय में आप नई शैली अपनाएंगे। साहित्य तथा लेखन की प्रवृत्ति को गति मिलेगी। शरीर में बेचैनी और थकान का अनुभव होगा।

**कुंभ** – अनैतिक और निषेधात्मक कार्यों तथा नकारात्मक विचारों से दूर रहें। अत्यधिक विचार और क्रोध आपकी मानसिक स्वस्थता में खलल पहुंचाएंगे।

**मीन** – आपका आज का दिन सुख- शांति में गुजरेगा। व्यापारियों के लिए समय अच्छा है। दांपत्यजीवन में निकटता का अनुभव होगा। मित्रों, स्वजनों के साथ मलाकात होगी। म.